**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक–04.06.2025 (सुबह 08:30 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आज होगी राज्य कैबिनेट की बैठक, लिए जायेंगे कई प्रशासनिक, विकासात्मक और नीतिगत फैसले।**
2. **आदिवासी संगठनों के आज झारखंड बंद को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, राजधानी रांची में दंडाधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में पुलिस बलों की तैनाती।**
3. **रांची के लापुंग में पुलिस और ग्रामीणों के बीच झड़प, थाना प्रभारी समेत तीन जवान घायल, पुलिस फायरिंग में दो ग्रामीण भी जख्मी।**
4. **मौसम विभाग ने आज भी राज्य के कई हिस्सों में जतायी बारिश की संभावना, येलो अलर्ट जारी, सात जून से राज्य में बढ़ेगा तापमान।**
5. **आइपीएल के फाइनल में आरसीबी की जीत पर रांची में क्रिकेट प्रेमियों ने मनाया जश्न, विराट कोहली के समर्थकों ने आतिशबाजी कर जतायी खुशी।**

**समाचार विस्तार से**

*********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आज शाम चार बजे से रांची के प्रोजेक्ट भवन में राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक होगी। बैठक में कई प्रशासनिक, विकासात्मक और नीतिगत मुद्दों पर चर्चा होगी और राज्यहित में कई प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की जायेगी।

*********************

राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने राज्य में खनिजों की तस्करी पर चिंता व्यक्त की है। रांची में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि खनिजों की तस्करी से हमारे संसाधन पर असर पड़ रहा है। सरकार ने इसे गंभीरता से लिया है।

इधर, भाजपा ने कहा है कि खनिजों की तस्करी पर राज्य सरकार को कड़ा कदम उठाना चाहिए। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता जेबी तुबिद ने कहा कि भाजपा समय–समय पर ऐसे मामले सरकार के संज्ञान में लाती रही है।

*********************

स्वास्थ्य मंत्री डा.इरफान अंसारी ने राज्य के निजी अस्पतालों को आयुष्मान भारत योजना के तहत लंबित बिलों का भुगतान शीघ्र करने का भरोसा दिलाया है। रांची में एसोसिएशन ऑफ हेल्थ केयर प्रोवाइडर्स झारखंड चौप्टर की ओर से आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अस्पतालों की जायज मांगो को सरकार गंभीरता से ले रही है और लंबित मामलों का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जायेगा।

*********************

रांची के सिरमटोली फ्लाईओवर रैंप, मरांग बुरु पारसनाथ पहाड़, लुगू बुरु, पिठौरिया के मुड़हर पहाड़, तमा के दिउरी दिरी को बचाने व पेसा कानून को झारखंड में लागू करने की मांग को लेकर आदिवासी संगठनों ने आज बंद का आह्वान किया है। बंद को देखते हुए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं। राजधानी रांची में विभिन्न चौक–चौराहों पर दंडाधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किये गये हैं। रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने कहा है कि बंद समर्थकों पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी।

*********************

रांची के लापुंग थाना क्षेत्र के कोयनारा गांव में पुलिस और ग्रामीणों के बीच झड़प में थाना प्रभारी समेत तीन पुलिसकर्मी घायल हो गये। पुलिस जमीन विवाद सुलझाने गांव गयी थी लेकिन ग्रामीणों ने पुलिस टीम पर

हमला बोल दिया। पुलिस को आत्मरक्षार्थ गोली चलानी पड़ी, जिससे दो ग्रामीण जख्मी हो गये। ग्रामीणों का इलाज रिम्स में चल रहा है जबकि घायल पुलिसकर्मियों को रांची के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

********************

गढ़वा जिले में कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा विकसित कृषि संकल्प अभियान की शुरुआत की गयी है। इसके तहत किसानों के लिये ग्राम स्तर पर विशेष प्रशिक्षण देकर उनकी आय दोगुनी करने पर जोर दिया जा रहा है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

********************

मंईयां सम्मान योजना के प्रचार प्रसार करने  हजारीबाग के केरेडारी प्रखंड आए दो युवकों की घाघरा डैम में डूबने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि युवक घाघरा डैम की सुंदरता को देख कर रील बनाने डैम के ऊपर चढ़ गए। इसी के दौरान एक का पैर फिसल गया तो दूसरे उसे बचाने की कोशिश की लेकिन दोनों डैम में गिर गये।

********************

- ईद उल अजहा त्यौहार को देखते हुए गिरिडीह में जिले के नगर थाना और मुफ्फसिल थाना में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक के बाद मजिस्ट्रेट विनोद कुमार सिंह और डीएसपी नीरज कुमार सिंह ने कहा कि असामाजिक तत्वों और सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखी जाएगी।
- कोडरमा के झुमरी तिलैया में अलग–अलग घटनाओं में दो गोवंशों की मौत के बाद युवा प्रदर्शन कर रहे हैं। युवाओं और शहर की व्यवस्था पर सवाल उठाये हैं। प्रदर्शन के कारण झुमरीतिलैया में जाम की स्थिति उत्पन्न हो गयी है।
- राज्य में बढ़ते भ्रष्टाचार और अपराध के खिलाफ आजसू पार्टी के द्वारा गिरिडीह के जमुआ में प्रतिवाद मार्च निकाला गया। प्रतिवाद मार्च के माध्यम से आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने की मांग की गयी।

********************

मौसम विभाग ने आज भी राज्य के उत्तर–पूर्व जिलों में बारिश और वज्रपात की संभावना व्यक्त की है। इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। विभाग के अनुसार रांची और अन्य जिलों में आसमान में बादल छाये रहेंगे। दोपहर बाद कुछ इलाकों में गरज के साथ हल्की बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार यह स्थिति छह जून तक रह सकती है। सात जून के बाद मौसम साफ हो जायेगा और तापमान में वृद्धि दर्ज की जायेगी।

********************

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु–आरसीबी ने पहली बार इंडियन प्रीमियर लीग ट्रॉफी अपने नाम कर ली है। उन्होंने कल रात अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए फाइनल मैच में पंजाब किंग्स को 6 रन से हराया। आरसीबी की जीत पर रांची में क्रिकेटप्रेमियों ने जश्न मनाया। कल रात जैसे ही आरसीबी ने जीत दर्ज की, रांची के क्रिकेट प्रेमी अलबर्ट एक्का चौक पर एकत्र हो गये और जमकर आतिशबाजी की। उन्होंनेमिठाइयां खिलाकर एक दूसरे को बधाई दी।

********************

<u>**अखबारों की सुर्खियां–**</u>

**रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने आइपीएल में आरसीबी की जीत और रांची के लापुंग में पुलिस और ग्रामीणों के बीच झड़प की खबर को पहले पन्ने पर प्रमुखता से जगह दी है।**

दैनिक भास्कर ने लिखा है– 107 करोड़ रुपये के फर्जी निकासी केस में ईडी ने दर्ज की ईसीआईआर।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– बाबाधाम में इस बार एआई से होगी सुरक्षा।

प्रभात खबर लिखता है– शराब घोटाले में पूछताछ के लिए पेश नहीं हुए कंपनी के अधिकारी।

दैनिक जागरण के शब्द हैं– दुनिया को बता रहा पाक, भारत ने पेशावर, हैदराबाद, छोर पर भी किया था हमला।

*********************